# MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर




"आइए **टाइप 1 डायबिटीज़**
ग्रस्त लोगों में इंसुलिन के
बारे में अधिक जानें"

USV


जब आहार खाते हैं तब उसमें
निहित कार्बोहायड्रेट ग्लूकोज़ में
रूपांतरित हो जाता है और उसके बाद वह
**रक्त वाहिनियों में मुक्त होता है.**




जब आपका ब्लड शुगर स्तर बढ़ता है तब **अग्नाशय इंसुलिन नामक हार्मोन मुक्त करता है.**



इंसुलिन शुगर (ग्लूकोज़) को **रक्त वाहिनियों से शरीर की उन कोशिकाओं तक** ले जाने में मदद करता है जहाँ पर ग्लूकोज़ का उपयोग ऊर्जा के लिए किया जाता है.



**टाइप 1 डायबिटीज़ में**, ऑटोइम्यून प्रतिक्रिया के कारण, **शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली इंसुलिन बनाने वाली अपनी ही कोशिकाओं पर आक्रमण करती है.** शरीर बहुत कम या बिलकुल ही इंसुलिन नहीं बनाता, जिससे बहुत अधिक शुगर रक्तवाहिनी में रह जाती है.




**टाइप 1 डायबिटीज़** को पहले **इंसुलिन डिपेंडेंट** या **जुवेनाइल डायबिटीज़** के रूप में जाना जाता था क्योंकि इसका निदान बचपन, किशोरावस्था में या युवा अवस्थाओं में होता है, लेकिन यह किसी भी उम्र हो सकता है.

इसीलिए टाइप 1 डायबिटीज़ से ग्रस्त लोगों को **रोज़ाना बाहरी इंसुलिन दिए जाने की आवश्यकता होती है** ताकि उनका ब्लड शुगर स्तर सामान्य सीमा में रहे.




**बाहरी इंसुलिन** चिकित्सा केवल शरीर द्वारा सामान्य रूप से बनाई जानेवाली **इंसुलिन की जगह लेती है.**




## आज कई प्रकार की इंसुलिन उपलब्ध है.

आपके लिए आवश्यक इंसुलिन का प्रकार और बारंबारता आपके डॉक्टर द्वारा आपकी जीवनशैली और ब्लड शुगर स्तर के आधार पर तय की जाती है.



तेज क्रियाशील    इंटरमीडिएट    दीर्घ क्रियाशील

उपरोक्त तस्वीर केवल सांकेतिक प्रयोजन के लिए है.



“याद रहे, **इंसुलिन एक सुरक्षित और विश्वसनीय मित्र है** जो आपको एक खुशहाल, लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेगी.”



“**इंसुलिन** टाइप 1 डायबिटीज़ ग्रस्त लोगों के लिए **जीवन रक्षक है** और **अपने उपचारकर्ता डॉक्टर को सूचित किए बिना आपको कभी इंसुलिन नहीं रोकनी चाहिए.**”

# MyCARE

मेरे साथ, हर कदम पर

## संदर्भ


1. व्हॉट इज़ डायबिटीज़. सीडीसी (2021). 6 जुलाई 2022 को https://www.cdc.gov/diabetes/basics/diabetes.html#:~:text=Diabetes%20is%20a%20chronic%20(long,your%20pancreas%20to%20release%20Insulin से प्राप्त किया गया.

2. डायबिटीज़ के बारे में. इंटरनेशनल डायबिटीज़ फेडरेशन (आईडीएफ). 7 जुलाई 2022 को https://www.idf.org/aboutdiabetes/type-1-diabetes.html से प्राप्त



**Disclaimer:**
"The guide/presentation/content/literature is for general information, guidance and educational purposes only and is not complete or exhaustive. The guide/presentation/content/literature is not intended or implied to replace or substitute any current practice and or advice/guidance/diet provided by healthcare professionals. This guide/presentation/content/literature does not constitute any treatment/therapy/medication/diet/opinions for any patients who are on diabetes medication, the patients are required to prior consult their healthcare professional before acting on any change on treatment/therapy/ medication/diet and or opions. USV Private Limited makes no representations as to accuracy, completeness, correctness, suitability or validity of any information contained in this guide/presentation/content/literature and will not be liable for any losses, injuries or damages arising from its use."

जनहित में जारीकर्ता USV